

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से...

1 जनवरी, 2023

***प्रिय साथियो,***

सर्वप्रथम, मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को मंगलमय और समृद्धिपूर्ण नववर्ष की शुभकामनाएं देता हूं। मैं आशा करता हूँ कि यह वर्ष हमारी प्रिय कंपनी और हम सभी के लिए सौभाग्यशाली व अद्‌भुत वर्ष साबित हो। मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि इस प्रमुख संगठन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का दायित्व निभाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। एनएचपीसी भारत में जलविद्युत विकास के क्षेत्र में सबसे अग्रणी रहा है और अपनी इस शानदार विकास यात्रा में, कंपनी ने अपने आपको को पेशेवर दक्षता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के लिए एक प्रतिष्ठित संगठन के रूप में स्थापित किया है।

वर्तमान परिदृश्य विद्युत उत्पादन कंपनियों के लिए चुनौतीपूर्ण समय है। साथ ही, यह स्थिति हमें रोमांचक अवसर भी प्रदान करती है। जलविद्युत हमारी विशेषज्ञता का क्षेत्र है लेकिन अब वह समय आ गया है कि जब कंपनी को विविधीकरण करना है और स्वयं को एक एकीकृत विद्युत यूटिलिटी के रूप में विकसित करना है। सीओपी 26 (COP26) सम्मेलन के बाद भारत सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा पर विशेष जोर दिया है। जलविद्युत नवीकरणीय ऊर्जा का सबसे विश्वसनीय स्रोत है, लेकिन, आइए हम नवीकरणीय ऊर्जा के अन्य सभी स्रोतों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए स्वयं को फिर से उन्मुख करें। जलविद्युत क्षेत्र में कंपनी की विशेषज्ञता के साथ, पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) का विकास हमारे लिए एक अन्य प्रमुख क्षेत्र होना चाहिए जिसका हम नेतृत्व कर सकते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि एनएचपीसी अपनी उच्च स्तर की तकनीकी क्षमता, विशेषज्ञता और प्रतिबद्धता के साथ देश की विशाल जलविद्युत क्षमता के दोहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के अलावा, स्वच्छ ऊर्जा के विकास में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अपने मिशन को जारी रखेगी।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि 22 दिसंबर, 2022 को नई दिल्ली में आयोजित प्रकाशमय '15 वें इनर्शिया अवार्ड 2022' में एनएचपीसी को 'भारत की सर्वश्रेष्ठ वैश्विक प्रतिस्पर्धी विद्युत कंपनी - जलविद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा विकास क्षेत्र' के विजेता के रूप में सम्मानित किया गया है। आपको यह जानकर भी बहुत खुशी होगी कि एनएचपीसी ने 18 दिसंबर, 2022 को काठमांडू, नेपाल में साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स अवार्ड 2021 में वित्त वर्ष 20-21 (इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन सेक्टर श्रेणी) के लिए सर्वश्रेष्ठ वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए स्वर्ण पदक जीता है।

श्री संतोष कुमार, भारतीय वन सेवा (आईएफएस) ने एनएचपीसी में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। मैं एनएचपीसी परिवार में उनका स्वागत करता हूं और आशा करता हूं कि कंपनी को उनके समृद्ध और विविध अनुभव का बहुत लाभ मिलेगा।

गत माह के दौरान हमारी निर्माणाधीन परियोजनाओं में कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियां पूरी/ शुरू की गईं। सुबनसिरी लोअर एचईपी (2000 मेगावाट) में, सर्ज टनल-7 की हेडिंग खुदाई 24 दिसंबर, 2022 को पूरी की गई और इसके साथ कुल 8 सर्ज टनल में से 7 की हेडिंग खुदाई अब पूरी हो चुकी है। कीरू जलविद्युत परियोजना (624 मेगावाट) में बांध कंक्रीटिंग 16 दिसंबर, 2022 को शुरू हो गई है। रंगित- IV एचईपी (120 मेगावाट) में, 12 दिसंबर, 2022 को वर्टिकल प्रेशर शाफ्ट की डे-लाइटिंग हासिल की गई ।

हमने 10 दिसंबर 2022 को शेष 54.40 मेगावाट के संचालन के साथ ही एनएचपीसी द्वारा 'मध्यस्थ खरीदार के रूप में' नोखरा, बीकानेर (राजस्थान) में स्थित 320 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना को पूर्ण रूप से संचालित कर दिया है।

मुझे 16 दिसंबर, 2022 को स्कोप कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में 'हार्नेसिंग ऑफ़ हाइड्रोपावर पोटेंशियल (लहर इनिशिएटिव) - अ वे फॉरवर्ड' कॉन्क्लेव को संबोधित करने का अवसर मिला, जहाँ मैंने जलविद्युत विकास के लाभों और इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

एनएचपीसी प्रबंधन अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसे ध्यान में रखते हुए, श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने 19 दिसंबर, 2022 को श्रीमती पम्फा भुसाल, माननीय ऊर्जा मंत्री, जल संसाधन और सिंचाई, नेपाल सरकार से मुलाकात की और नेपाल में एनएचपीसी की पहल के बारे में उन्हें अवगत कराया तथा आगे के लिए उनका समर्थन और मार्गदर्शन मांगा।

**माह की अन्य मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:**

- गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जम्मू द्वारा 1 दिसंबर, 2022 को आयोजित 8वें नेशनल कोन्फ्रेंस-सह-प्रदर्शनी के दौरान केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के माननीय उप राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने एनएचपीसी की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाले एनएचपीसी पेविलियन का दौरा किया।
- श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने 30 नवंबर से 4 दिसंबर 2022 तक भुवनेश्वर में आयोजित "मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 22" में एनएचपीसी स्टॉल का उद्घाटन किया और एनएचपीसी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।
- एनएचपीसी ने 6 दिसंबर, 2022 को अपने सभी कार्यस्थलों पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर को उनके 67वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर निगम मुख्यालय में एनएचपीसी एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा एक विशेष समारोह आयोजित किया गया।
- एनएचपीसी ने 8 से 9 दिसंबर, 2022 तक हरियाणा राज्य खेल परिसर, फरीदाबाद में पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (पीएससीबी) के तत्वावधान में 12वें इंटर सीपीएसयू एथलेटिक्स टूर्नामेंट की सफलतापूर्वक मेजबानी की। इस टूर्नामेंट में विद्युत मंत्रालय, सीईए, बीबीएमबी, डीवीसी, एनएचपीसी, पावरग्रिड और आरईसी सहित विभिन्न पावर सीपीएसयू/संगठनों की कुल सात टीमों ने भाग लिया।
- एनएचपीसी ने 5 दिसंबर, 2022 को अपने विभिन्न कार्यस्थलों पर "समावेशी विकास के लिए परिवर्तनकारी समाधान: एक सुलभ और न्यायसंगत दुनिया को बढ़ावा देने में नवाचार की भूमिका" विषय के साथ ‘अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस’ मनाया।
- एनएचपीसी के राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए फरीदाबाद में एनएचपीसी राजभाषा संगोष्ठी/सम्मेलन (19-20 दिसंबर 2022) का आयोजन किया गया ।
- 'आजादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में, एनएचपीसी चिकित्सा सेवाएं विभाग द्वारा 21 दिसंबर 2022 को निगम मुख्यालय में वेंकटेश्वर अस्पताल, नई दिल्ली के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
- माह दिसंबर, 2022 के दौरान राजस्व संग्रह 609.51 करोड़ रुपए रहा तथा दिसंबर 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 6494 करोड़ रुपए रहा।
- माह दिसंबर, 2022 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 22015 मिलियन यूनिट रहा।

आगामी वर्ष एनएचपीसी की क्षमता में नए आयाम जोड़ेगा क्योंकि इस वर्ष हम दो बड़ी परियोजनाओं अर्थात 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जल विद्युत परियोजना और 800 मेगावाट पार्बती- ॥ जल विद्युत परियोजना को संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 2880 मेगावाट दिबांग जल विद्युत परियोजना सहित कई नई परियोजनाएं भी विचाराधीन हैं। मैं कामना करता हूं कि इस नव वर्ष में आप सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुँचें । आप सभी को नव वर्ष 2023 और आने वाले त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका,

राजीव विश्नोई

**(आर.के. विश्नोई )**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**



# From CMD's Desk…

1st January 2023

***Dear Colleagues,***

At the outset, I would like to wish you and your family members a Very Happy and Fulfilling New Year. May this year be the most blessed and wonderful year for all of us and our beloved company. I would like to share with you that holding the responsibility of Chairman and Managing Director of such a premier organization is a matter of privilege for me. NHPC has been at the forefront of hydropower development in India and in its spectacular journey, the company has established itself as an organization renowned for its professional competency, transparency and integrity.

The current power scenario poses challenging times for power generation companies. At the same time, the situation presents exciting opportunities also. Hydropower has been our forte but this is the time when the company has to diversify and develop itself into an integrated power utility. The Government of India has put a special thrust on Renewable Energy after the COP26 conference. The most reliable source of Renewable Energy is Hydropower, but let us re-orient ourselves to focus on all other forms of Renewable Energy. With the expertise of the company in Hydropower, development of PSPs should be another key area where we can take the lead. With the high level of technical caliber, expertize and commitment of team NHPC, I am quite confident that NHPC will continue on its mission of achieving excellence in development of clean power in addition to playing a vital role in tapping of the vast hydropower potential of the country.

You will be delighted to know that NHPC has been awarded as Winner of 'Best Globally Competitive Power Company of India – Hydropower and Renewable Energy Sector' at PRAKASHmay '15th Enertia Awards 2022', held at New Delhi on 22nd December 2022. You will also be very happy to know that NHPC bagged Gold Medal for best presented annual report for FY 20-21 (Infrastructure & Construction Sector category) at South Asian Federation of Accountants Awards 2021 at Kathmandu, Nepal on 18th December 2022.

Shri Santosh Kumar, Indian Forest Service (IFS) has joined NHPC as Chief Vigilance Officer. I welcome him to NHPC family and hope that the company shall be greatly benefitted by his rich and varied experience.

Some important activities were completed/started during the month in our construction Projects. In Subansiri Lower HEP (2000 MW), the Heading excavation of Surge Tunnel-7 was achieved on 24th December 2022 and with this Heading Excavation of 7 out of total 8 Surge Tunnels has now been completed. Dam concreting at Kiru Hydroelectric Project (624 MW) have started on 16th December 2022. In Rangit-IV HEP (120 MW), day-lighting of Vertical Pressure Shaft was achieved on 12th December 2022.

We have successfully commissioned the entire 320 MW Solar Power Project located at Nokhara, Bikaner (Rajasthan) awarded by NHPC 'as an Intermediary Procurer' after commissioning of the last part capacity of 54.40 MW on 10th December 2022.

I had the opportunity to address Conclave on 'Harnessing of Hydropower Potential (LAHAR Initiative)- A Way Forward' at SCOPE Convention Centre, New Delhi on 16th December 2022, where I highlighted the benefits and importance of hydropower development.

NHPC management is at constant endeavour in expanding its business. With this in view, Shri R.P. Goyal, Director (Finance), NHPC met Smt. Pampha Bhusal, Hon'ble Minister of Energy, Water Resources & Irrigation, Govt. of Nepal on 19th December 2022 and apprised about NHPC's initiatives in Nepal and asked for further support and guidance.

**Other Highlights of the month are:**

- Hon'ble LG of UT of J&K Shri Manoj Sinha visited NHPC pavilion showcasing NHPC's achievements during 8th National Conference-cum-exhibition organized by Govt. College of Engineering & Technology, Jammu on 1st December 2022.
- Shri R.P. Goyal, Director (Finance), NHPC inaugurated NHPC stall highlighting NHPC's achievements at "Make in Odisha Conclave 22" held at Bhubaneswar from 30th November till 4th December 2022.
- NHPC paid rich tribute to Bharat Ratna Baba Saheb Dr. B.R. Ambedkar on his 67th Mahaparinirvan Diwas across all its locations on 6th December 2022. A special function was organized by NHPC SC/ST Employees Welfare Association on this occasion at Corporate Office.
- NHPC successfully hosted the 12th Inter CPSU Athletics tournament under the aegis of Power Sports Control Board (PSCB) from 8th to 9th December 2022 at Haryana State Sports Complex, Faridabad. A total of seven teams from various Power CPSUs/ Organizations including Ministry of Power, CEA, BBMB, DVC, NHPC, Powergrid and REC participated in the tournament.
- NHPC celebrated 'International Day of Persons with Disabilities' with the theme "Transformative solutions for inclusive development: the role of innovation in fuelling an accessible and equitable world" on 5th December 2022 across its various locations.
- The Rajbhasha Division of NHPC organized NHPC Official Language Seminar/Conference at Faridabad (19-20 December 2022) for promotion of official language.
- As a part of 'Azadi ka Amrit Mahotsav', NHPC Medical Division organized a free medical camp in association with Venkateshwar Hospital, New Delhi at Corporate Office on 21st December 2022.
- The revenue collection during the month of December 2022 stood at Rs. 609.51 crores and the total cumulative revenue collection up to December 2022 was Rs. 6494 crores.
- The total cumulative generation of all NHPC Power Stations stood at 22015 Million Units at the end of December 2022.

The coming year shall add new feathers to the cap of NHPC as we are committed for the commissioning of two mega Projects i.e 2000 MW Subansiri Lower HEP and 800 MW Parbati-II HE Project. A number of new projects are also on the anvil, including 2880 MW Dibang HEP. I wish you new heights of success in the New Year. My heartiest greetings to all of you for New Year 2023 and the forthcoming festive season.

Sincerely Yours,

**(R.K. Vishnoi)**
**Chairman & Managing Director**